# बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड

An ISO 9001:2008, 14001:2004&OHSAS 18001:2007 Certified Company
बिहार सरकार का एक उपक्रम
वेबसाइटः www.bsbccl.bih.nic.in

BSBCCL

Build Green, Live Green!
CIN:U45200BR2008SGC013513

## BIHAR STATE BUILDING CONSTRUCTION CORPORATION LTD.

An ISO 9001:2008, 14001:2004&OHSAS 18001:2007 Certified Company
A Government of Bihar Undertaking
Website: www.bsbccl.bih.nic.in

पत्रांकः–बी0एस0बी0सी0सी0एल0– 003/2023(गो0) – 638 दिनांकः– 27/02/23

### कार्यालय आदेश-संख्या- 08/2023

अध्यक्ष, उप मिशन–सह–विकास आयुक्त, बिहार के द्वारा बिहार विकास मिशन के पत्रांक–1612, दिनांक–24.11.2022 के कंडिका (3) के माध्यम से CWPI (Civil Works Pendency Index) को विभिन्न विभागों/लोक उपक्रमों में लागू करने से संबंधित कार्रवाई का निदेश दिया गया था। उपर्युक्त आलोक में निम्नलिखित आदेश दिया जाता है:–

a) लोक उपक्रमों द्वारा CWPI से संबंधित आँकड़ों के नियमित संचयन एवं निर्धारित विहित प्रपत्र में चरणवार आँकड़ों की ससमय प्रविष्टि तथा अनुश्रवण हेतु श्री अमर कुमार गौरव, परियोजना प्रबंधक, बि0रा0भ0नि0नि0लि0 को नामित किया जाता है।

b) महाप्रबंधक (उत्तर) एवं महाप्रबंधक (दक्षिण) द्वारा संबंधित क्षेत्रीय उपमहाप्रबंधकों से अद्यतन भौतिक एवं वित्तीय प्रतिवेदन प्राप्त कर प्रत्येक माह के अंत तक परियोजना प्रबंधक, बि0रा0भ0नि0नि0लि0 को उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाये, ताकि उक्त आधार पर प्रत्येक 05 तारीख तक पिछले माह से संबंधित CWPI प्रतिवेदन तैयार कर बिहार विकास मिशन को उपलब्ध कराया जा सके।

c) महाप्रबंधक (उत्तर) एवं महाप्रबंधक (दक्षिण), बि0रा0भ0नि0नि0लि0 द्वारा CWPI के प्रत्येक चरण (P1 से P6) में विलंब के लिये उत्तरदायी पदाधिकारियों/कर्मियों को नियमित रुप से अनुश्रवण करते हुये चिन्हित करना तथा तत्संबंधी प्रतिवेदन अग्रेतर कार्रवाई हेतु महाप्रबंधक (प्रशासन), बि0रा0भ0नि0नि0लि0 को उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। साथ हीं महाप्रबंधक (प्रशासन), बि0रा0भ0नि0नि0लि0 द्वारा CWPI Score के आधार पर विलंब के लिये उत्तरदायी पदाधिकारियों/कर्मियों का मूल्यांकन एवं नियमित अनुश्रवण सुनिश्चित किया जाये।

d) महाप्रबंधक (उत्तर) एवं महाप्रबंधक (दक्षिण), बि0रा0भ0नि0नि0लि0 द्वारा चरणवार Pendency Score के आधार पर योजनाओं के कियान्वयन में प्रकियागत विचलन और विलंब के कारणों की पहचान तथा उनके समाधान के संदर्भ में नियमित रुप से अनुश्रवण करते हुये आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाये।

e) महाप्रबंधक (उत्तर) एवं महाप्रबंधक (दक्षिण), बि0रा0भ0नि0नि0लि0 द्वारा जिन योजनाओं में CWPI Score अधिक हो, उन्हें विशेष रुप से चिन्हित कर गति प्रदान करने हेतु आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाये।

विश्वासभाजन

27/2/23

(कुमार रवि)
प्रबंध निदेशक,
बि0रा0भ0नि0नि0लि0,पटना।

ज्ञापांकः– 706 दिनांकः 01/03/23

प्रतिलिपिः– महाप्रबंधक (उत्तर/दक्षिण/प्रशासन), परियोजना प्रबंधक एवं सभी क्षेत्रीय उपमहाप्रबंधक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

1-3-23

(सुधांशु शेखर राय)
मुख्य महाप्रबंधक,
बि0रा0भ0नि0नि0लि0,पटना।